मुद्रित पृष्ठों की संख्या : 4

MHD-19

हिन्दी में स्नातकोत्तर उपाधि (एम. ए. हिन्दी)

(एम. एच. डी.)

सत्रांत परीक्षा

दिसम्बर, 2020

एम.एच.डी.-19 : हिन्दी दलित साहित्य का विकास

समय : 2 घण्टे *अधिकतम अंक : 50*

नोट : *कुल* ***चार*** *प्रश्नों के उत्तर दीजिए।* ***प्रथम*** *प्रश्न अनिवार्य है। शेष में से किन्हीं* ***तीन*** *प्रश्नों के उत्तर दीजिए।*

---

1. निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** अवतरणों की सप्रसंग व्याख्या कीजिए : 2×10=20

(क) मेरे बेटे की साथ

अपने बेटे को भेजो

दिहाड़ी की खोज में।

और अपनी बिटिया को

हमारी बिटिया के साथ

भेजो कटाई करने

मुखिया के खेत में
शाम को थक कर
पसर जाओ धरती पर
सूँघो खुद को
बेटे को
बेटी को

(ख) "मनु जलकर खाक हो गया जब अंग्रेज आया।
ज्ञानरूपी माँ ने हमको दूध पिलाया॥
अब तो तुम भी पीछे न रहो।
भाईयो, पूरी तरह जलकर खाक कर दो मनुवाद॥
हम शिक्षा पाते ही पाएँगे वह सुख।
पढ़ लो मेरा लेख, जोति कहे॥

(ग) मास्टर शिवनारायण हत्थे से उखड़ गया। खींचकर एक थप्पड़ उसके गाल पर रसीद किया। आँखें तरेरकर चीखा, 'अबे, तेरा बाप इतना बड़ा बिदवान है तो यहाँ क्यों अपनी माँ ...... आया है। साले, तुम लोगों को चाहे कितना भी लिखाओ, पढ़ाओ रहोगे वहीं के—वहीं .... दिमाग में कूड़ा-करकट जो भरा है। पढ़ाई-लिखाई के संस्कार तो

तुम लोगों में आ ही नहीं सकते। चल बोल ठीक से .... पच्चीस चौका सौ .... स्कूल में थोड़ी सी तारीफ क्या होने लगी, पाँव जमीन पर नहीं पड़ते। ऊपर से जबान चलावे है। उलटकर जवाब देता है।

(घ) रामकिसुन बाबू ने अपना विश्वासपात्र गंगाराम के पास भेजा। 'मेरी ही पोती की शादी पर ऐसी प्रतीज्ञा क्यों ?' 'गंगाराम जवाब देता है,' "*यह सिर्फ संयोग की बात है कि आपकी पोती की शादी है। और हम खाने से कहाँ इनकार करते हैं ? शर्त यही है कि खाने के बाद हम अपना पत्तल नहीं उठाएँगे। नेउत कर ले जाते हैं तो सचमुच सम्मान दीजिए और यह सम्मान अगर आपने दिया तो सबने दिया—क्योंकि आप तो गाँव के सिरमौर हैं।*"

2. "अभिलाषा" कविता का विश्लेषण करते हुए उसका उद्देश्य स्पष्ट कीजिए। 10

3. 'अंगारा' कहानी के आधार पर 'दलित' कहानी की विशेषताओं पर प्रकाश डालिए। 10

4. 'जूठन' में व्यक्त मानवीय पीड़ा का विश्लेषण कीजिए। 10

5. सामान्य वर्ग के आत्मकथन से दलित आत्मकथन किस प्रकार भिन्न है ? स्पष्ट कीजिए। 10

6. 'वैतरणी' का कथ्य स्पष्ट कीजिए। 10

7. हिन्दी दलित कहानी की विशेषताओं को उद्घाटित कीजिए। 10